प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 11.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व / निर्देशन पर प्रतिदिन की भांति जनपदीय पुलिस के समस्त कार्यालयों/थानों में जनसुनवाई का आयोजन कर जनसामान्य की समस्याओं को किया गया निस्तारित-

आज दिनांक 11.11.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की गई, इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर श्री रामप्रवेश राय मौजूद रहे।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस के सभी कार्यालयों/थानों में सम्बन्धित प्रभारी द्वारा प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई का आयोजन किया गया, इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया व प्राप्त शिकायतों का शीघ्र/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया।






## थाना कबरई पुलिस टीम ने 01 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तार अभियान के अनुपालन जनपदीय पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी व उसमें लिप्त तस्करों के विरूद्ध चलाए जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 11.11.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में थाना कबरई प्रभारी निरीक्षक श्री विनोद कुमार द्वारा गठित टीम उ0नि0 यशवन्त सिंह द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर 01 नफर अभियुक्त रज्जू पुत्र राम मनोहर उम्र 26 वर्ष को छानीकला मोड़ पर बने पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम सूखा गांजा नाजायज बरामद हुआ। गिरफ्तारी व माल बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 334/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायलय के समक्ष पेशी उपरान्त जिला उपकारागार महोबा भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

रज्जू पुत्र राम मनोहर उम्र 26 वर्ष निवासी मुहल्ला जवाहर नगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 यशवन्त सिंह थाना कबरई जनपद महोबा
2.कां0 सर्वेश कुमार निर्मल थाना कबरई जनपद महोबा



## थाना कबरई पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन के क्रम में आज दिनांक 11.11.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में थाना कबरई प्रभारी निरीक्षक श्री विनोद कुमार द्वारा गठित टीम उ0नि0 यशवन्त सिंह द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त धनीराम पुत्र रघुवर कुशवाहा उम्र करीब 40 वर्ष निवासी मु0 बघवा थाना कबरई जनपद महोबा को सम्बन्धित मु.नं. 360/22 अ.सं. 758/2013 धारा 25 ए एक्ट जिसका माननीय न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) / एफटीसी महोबा द्वारा वारण्ट जारी किया गया था जिसके क्रम में अभियुक्त उपरोक्त को मु0 बघवा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायलय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया

### गिरफ्तार अभियुक्त-

धनीराम पुत्र रघुवर कुशवाहा उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम बघवा थाना कबरई जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 श्री यशवन्त सिंह
2.का0 शुभम जायसवाल
3.कां0 अंकित कुमार दुबे



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 11.11.2022

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खन्ना पुलिस टीम ने अवैध तमंचा मय जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे अवैध शस्त्र निर्माण व अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 11.11.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खन्ना श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित टीम उ0नि0 चेतराम द्वारा 01 नफर अभियुक्त दीपक सिंह गौतम पुत्र बलवीर सिंह उम्र 51 वर्ष को एक्सप्रेस वे से पहले खन्ना जाने वाली रोड तिराहा के पास से पुलिस हिरासत मे लिया गया, जिसके कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 12 बोर व 04 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद किया गया । बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध थाना हाजा पर मु0अ0स0 122/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही कर अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी उपरान्त जेल भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

दीपक सिंह गौतम पुत्र बलवीर सिंह महोबा उम्र 51 वर्ष निवासी कस्बा व थाना खन्ना जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 चेतराम
2.हे0का0 वीरेन्द्र सिंह



## "पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा की गयी मासिक अपराध गोष्ठी"



पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह की अध्यक्षता में आज दिनांक 11.11.2022 को पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी कर कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गयी तथा आवश्यक निर्देश दिये गये।

पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपदीय पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों, थाना/शाखा प्रभारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी कर जनपद में घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने तथा गुमशुदा/अपहृता की सर्विलांश के माध्यम से जल्द बरामदगी करने, शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट की धारा **14 (1)** के अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की समीक्षा की गई, जनशिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने अवैध शराब/जुआ के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने, जमीनी विवादों के संबंध में सतर्कता रखने व इसकी रिपोर्ट राजस्व अधिकारियों को प्रेषित करने, पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सतर्कता का निरीक्षण करने आदि के संबंध में निर्देश दिए गए, मां0 सीएम हेल्पलाइन/आईजीआरएस से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने एवं आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करके फीडबैक लेने के निर्देश दिये।

प्र0नि0 यातायात व समस्त थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्रों में यातायात जागरुकता अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये, जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु, यातायात जागरुकता अभियान व नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध यातायात नियमों के तहत कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश दिये।

पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सुरक्षा संबंधी के बारे में विस्तृत जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया जाए, महिला संबंधी अपराध और पॉक्सो एक्ट में प्रभारी पैरवी कर आरोपितों को सजा दिलाई जाए।

सम्बन्धित सीओ और थाना प्रभारियों को जनपद में कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं हाइवे पेट्रोलिंग को और सुचारु व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जनपद में संचालित यूपी 112 पीआरवी वाहनों का रूट चार्ट तैयार करने के निर्देश दिये गये।

आगामी होने वाले निकाय चुनाव के मद्देनजर निर्देशित किया कि क्षेत्र में निरन्तर भ्रमणशील रहते हुये अराजक तत्वों की सूची तैयार कर मुचलका पाबंद की कार्रवाई की जाए, थाने पर बीट प्रणाली को मजबूत किया जाए ताकि प्रत्येक पुलिसकर्मी की जवाबदेही तय की जा सके।

उक्त मासिक अपराध गोष्ठी में क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र सहित जनपदीय पुलिस के समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष, समस्त शाखा प्रभारी आदि अधिकारी/कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 11.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फायरिंग बट पहुंचकर किया गया फायरिंग अभ्यास-

आज दिनांक 11.11.2022 को जनपद के राइफल क्लब स्माल आर्म्स बट, महोबा में चल रहे वार्षिक फायरिंग अभ्यास का पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया व स्वयं द्वारा भी फायरिंग का अभ्यास किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पुलिसकर्मियों को बताया गया कि फायरिंग बट पर अनुशासन बनाये रखें, आपके द्वारा की गयी छोटी सी लापरवाही आप व आपके साथी को नुकसान पहुंचा सकती है, पुलिस अधीक्षक द्वारा मौजूद पुलिस अधिकारी / कर्मचारियों को शस्त्रों के रखरखाव, हैंडलिंग व फायरिंग के बारे में जानकारी दी गयी।

फायरिंग अभ्यास जिले के राइफल क्लब आर्म्स बट महोबा में स्मॉल आर्म्स से अभ्यास कराया जा रहा है, इसमें जनपदीय पुलिस के सभी थाना प्रभारियों को फायरिंग अभ्यास कराया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सभी के टारगेट (बुल) की पोजीशन को चेक किया गया व सभी की मार्किंग उनके द्वारा लगाये गये निशाने के आधार पर की गयी।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री उमेश चन्द्र सहित जनपद महोबा के समस्त थानों के थाना प्रभारी मौजूद रहे।





महोबा पुलिस